ज्ञानदीप

अंक 97

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन
To Beam As A Beacon of Knowledge

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे – 411 001
(आई.एस.ओ. : 9001-2008 प्रमाणित भारतीय रेल का प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान)
Government of India
Ministry of Railways
INDIAN RAILWAYS INSTITUTE OF CIVIL ENGINEERING PUNE 411001
(Indian Railways First ISO-9001-2008 Certified Centralized Training Institute)

संस्थान – डी ओ टी (020) 26126816, 26123436 रेलवे : 62731
छात्रावास – डी ओ टी (020) 26123436, 26126816, मो 7420041134 रेलवे : 62101, 62158
फॅक्स : 020-26128677 रेलवे : 55860
ई–मेल : mail@iricen.gov.in
वेबसाईट : www.iricen.gov.in

वर्ष – 25 जुलाई–सितंबर 2022

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन To Beam as a Beacon of Knowledge

इस अंक में

1. मुख्य इंजीनियर ट्रैक प्रोक्योरमेंट का सेमिनार
2. इरिसेन में राजभाषा सप्ताह का आयोजन
3. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 153वीं बैठक
4. संस्थान में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन
5. संस्थान में इंजीनियर्स दिवस का आयोजन
6. इरिसेन में स्वच्छता ही सेवा पखवाडा का आयोजन 2022
7. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम
8. स्वागत / विदाई
9. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट अधिकारी

1 मुख्य इंजीनियर ट्रैक प्रोक्योरमेंट का सेमिनार



संस्थान में दिनांक 28 एवं 29 जुलाई, 2022 को मुख्य इंजीनियर ट्रैक प्रोक्योरमेंट सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक/ट्रैक (एम एंड एमसी) एवं सभी क्षेत्रीय रेलों के मुख्य ट्रैक प्रोक्योरमेंट इंजीनियरों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता महानिदेशक/इरिसेन **श्री अशोक कुमार** द्वारा की गई । उन्होंने उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया एवं कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

2. इरिसेन में राजभाषा सप्ताह का आयोजन

भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे में दिनांक 19 सितंबर से 23 सितंबर, 2022 तक राजभाषा सप्ताह का आयोजन किया गया। संस्थान में दिनांक 19 सितंबर 2022 को अपर महानिदेशक श्री रमेश कुमार झा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर राजभाषा सप्ताह का विधिवत उदघाटन किया गया। इस अवसर पर



राजभाषा के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य को दर्शानेवाली एक लघु वृत्तचित्र **राजभाषा का इतिहास** को भी दर्शकों को दिखाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की एक छोटी झलक के रूप में गीत–संगीत, कविता एवं अन्य प्रस्तुतियां अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत की गई। अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर महानिदेशक (इरिसेन) श्री रमेश कुमार झा, अपर महानिदेशक (एसएसटीडब्ल्यू) श्री रमेश पिंजानी, संकाय अध्यक्ष श्री सत्यप्रकाश एवं उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक रेलपथ 2 श्री अविनाश कुमार ने राजभाषा के उद्घाटन अवसर पर अपना संबोधन दिया। दिनांक 21 सितंबर 2022 को राजभाषा संबंधी ज्ञान की पुनश्चर्या हेतु पूर्वाह्न में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।



संरक्षक
अशोक कुमार
महानिदेशक
भा.रे.सि.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
अविनाश कुमार
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
प्राध्यापक, रेलपथ 2

संपादक
राजू पाल
वरिष्ठ अनुवादक
सहयोग – उदय ताजणे, व.अनुवादक

दिनांक 21 सितंबर, 2022 को **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 153 वीं बैठक** का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजभाषा की प्रगति एवं



प्रचार–प्रसार की दृष्टि से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्णय लिए गए। दिनांक 22 सितंबर, 2022 को प्रश्न मंच का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारी गण एवं इरिसेन के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया एवं तत्काल पुरस्कार प्राप्त किए ।



राजभाषा सप्ताह के समापन समारोह पर एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सर्वप्रथम अतिथि कलाकार श्री चंद्रकुमार भामावत, वरिष्ठ इंजीनियरिंग प्रशिक्षक, क्षे.रे.प्रशि.सं. उदयपुर द्वारा 'मैजिक शो' प्रस्तुत किया गया । श्री भामावत जी ने मैजिक शो में अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया और उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया ।



कार्यक्रम की प्रस्तुति के पश्चात संस्थान में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे टिप्पण आलेखन, निबंध, वाक् इत्यादि में भाग लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों में से विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।



वर्ष–2021 में हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने हेतु अधिकारी श्री अनुराग रस्तोगी, प्राध्यापक / रेलपथ मशीन एवं कर्मचारियों में श्री मयूर आवारे, वरिष्ठ तकनीकी सहायक एवं श्री पराग वीरगावकर, तकनीकी सहायक को पुरस्कृत किया गया।



कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि महोदय ने अपने संबोधन में राजभाषा सप्ताह के दौरान किए सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए राजभाषा अनुभाग को बधाई दी।

3. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 153 वीं बैठक



संस्थान में 21 सितंबर, 2022 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 153 वीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महानिदेशक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक राष्ट्र के लिए उसकी भाषा सर्वोपरि है, हिंदी हमारी राजभाषा है। प्रत्येक मंत्रालय द्वारा राजभाषा हिंदी में हो रही प्रगति की समीक्षा संसदीय समिति के माध्यम से स्वयं महामहिम राष्ट्रपति जी करते हैं। संस्थान में जुलाई माह में निदेशक (राजभाषा) रेलवे बोर्ड द्वारा निरीक्षण किया गया और राजभाषा के कार्य के प्रति उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। दैनिक कार्य हिंदी में ही किए जाएं एवं छोटेमोटे कार्य टेम्पलेट की सहायता से राजभाषा में बना लिए जाएं। महानिदेशक ने संस्थान पर हो रही राजभाषा प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं बैठक के उपाध्यक्ष श्री अविनाश

कुमार ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। सर्वप्रथम महानिदेशक महोदय के प्रति उप मुख्य राजभाषा अधिकारी के पद पर नामित किए जाने के लिए आभार प्रकट किए। उन्होंने सभी सदस्यों को संस्थान पर दि. 19.09.2022 से 23.09.2022 के दौरान आयोजित राजभाषा सप्ताह के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया।

4. संस्थान में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन



संस्थान में दिनांक 15 अगस्त, 2022 को स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। श्री अशोक कुमार, महानिदेशक/इरिसेन ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के उपरांत अपर महानिदेशक महोदय ने उपस्थित सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। तदुपंरात खेल प्रतिस्पर्धा का कार्यक्रम रखा गया। खेलकूद के कार्यक्रम में रस्साकसी, लेमन स्पून, बच्चों के लिए मनोरंजक प्रतियोगिताओं एवं अन्य कुछ नई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों के आयोजन में प्रतिभागियों के साथ दर्शकों का भी भरपूर मनोरंजन हुआ। सभी कार्यक्रमों में संकाय सदस्यगण, प्रशिक्षु अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया एवं खेल प्रतियोगिताओं का आनंद उठाया।



5. संस्थान में इंजीनियर्स दिवस का आयोजन



भारतरत्न स्वर्गीय श्री एम. विश्वेसरैया एक महान सिविल इंजीनियर थे और उनकी गिनती महान विद्वान व्यक्तियों में होती है। उनका जन्म 15 सितंबर, 1860 को कर्नाटक के कोलर जिले के मुद्देनहली गांव में हुआ था। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में वे पारंगत थे और इसीलिए उनकी याद में 15 सितंबर को संपूर्ण भारत में इंजीनियर्स दिवस का आयोजन किया जाता है। भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान में भी 15 सितंबर, 2022 को स्वर्गीय श्री एम.विश्वेसरैया जी के जन्मदिन के अवसर पर उनके स्मरण में संस्थान के अपर महानिदेशक ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर संस्थान के अपर महानिदेशक, सभी संकाय सदस्य एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

6. इरिसेन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन



इरिसेन में दिनांक 16 सितंबर से 02 अक्टूबर 2022 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। संस्थान के महानिदेशक महोदय द्वारा सभी सदस्यों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गई। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने आसपास के स्थान एवं कार्यालय में साफ–सफाई के लिए श्रमदान किया एवं स्वच्छता अभियान से संबंधित स्लोगन ' स्वच्छता ही सेवा है, गन्दगी जानलेवा है' को साकार किया ।

हर नागरिक का हो ये सपना,
स्वच्छ हो सम्पूर्ण भारत अपना।
बापू के सपने को साकार करना है,
स्वच्छ भारत के उनके सपने में रंग भरना है।

7. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम

क्र.	पा.सं.	पाठ्यक्रम का शीर्षक	प्रारंभ	समापन
1	22250	वेबिनार : नर्म मिट्टी पर तटबंध निर्माण के लिए भूमि सुधार	07/10/2022	07/10/2022
2	22424	एलडब्ल्यूआर, कर्व, टर्नआउट, लेआउट कैलक्यूलेशन, यार्ड प्लानिंग, एसओडी, बलास्ट, फार्मेशन का पुनर्स्थापन	10/10/2022	21/10/2022
3	22425	स्टील गर्डरों का फैब्रिकेशन एवं निरीक्षण	10/10/2022	21/10/2022
4	22453	मिडास	10/10/2022	14/10/2022
5	22265	वेबिनार : रेल तटबंधों का निर्माण निविदा कार्यक्रम के गुणवत्ता नियंत्रण पहलू एवं तैयारी	11/10/2022	11/10/2022
6	22251	वेबिनार : अनडिफाइन ट्रैक जॉमैट्री के लिए यार्ड इंप्रुवमेंट ग्राफिकल मेथडस् के लिए लेआउट करेक्शन्स	14/10/2022	14/10/2022

7	22508	सीपीएम 'गति शक्ति यूनिट' के लिए विशेष पाठ्यक्रम	31/10/2022	04/11/2022
8	22252	वेबिनार : एलडब्ल्यूआर पर ओपन डेक ब्रिज.	04/11/2022	04/11/2022
9	22103	समेकित	07/11/2022	27/01/2023
10	22615	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (यूएसएफडी)	07/11/2022	12/11/2022
11	22810	सर्वेक्षण एवं भूमि प्रबंधन	07/11/2022	18/11/2022
12	22903	डीएफसीसीआईएल ग्रुप I फेज II के कार्यकारियों के लिए विशेष पाठ्यक्रम	07/11/2022	03/02/2023
13	22306	इरिसेन दिवस	10/11/2022	11/11/2022
14	22013	अभिमूल्यन पाठ्यक्रम जी–2	14/11/2022	18/11/2022
15	22617	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रेलपथ)	14/11/2022	02/12/2022
16	22253	वेबिनार : विवाचन में प्रतिवादियों की भूमिका एवं जिम्मेदारियां	18/11/2022	18/11/2022
17	22201	वरिष्ठ व्यावसायिक रेलपथ	21/11/2022	16/12/2022
18	22504	डीएफसीसीआईएल फेज I के कनिष्ठ प्रबंधकों के लिए विशेषपाठ्यक्रम	21/11/2022	13/01/2023
19	22815	जेई / एसएसई ड्राइंग के लिए विशेष पाठ्यक्रम	21/11/2022	25/11/2022
20	22263	वेबिनार:निविदा कार्यक्रम तैयारी सहित पुल कार्य में गुणवत्ता प्रबं.	22/11/2022	22/11/2022
21	22305	मुख्य पुल इंजीनियर का सेमिनार	24/11/2022	25/11/2022
22	22254	वेबिनार : वक्रों पर गति को 160/200 किमी/घंटा तक बढ़ाना	25/11/2022	25/11/2022
23	22007	आईआरएसई 2019(पी.) (ईओएल बैच) फेज II	28/11/2022	20/01/2023
24	22816	ऑटो–कैड	28/11/2022	02/12/2022
25	22240	वेबिनार : कंक्रीट पुलों का निरीक्षण एवं अनुरक्षण	02/12/2022	02/12/2022
26	22619	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (यूएसएफडी)	05/12/2022	10/12/2022
27	22623	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (कार्य)	05/12/2022	16/12/2022
28	22622	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रेलपथ)	12/12/2022	30/12/2022
29	22257	वेबिनार : एनएल, जी सी एवं डी एल में गुणवत्ता प्रबंधन	16/12/2022	16/12/2022
30	22621	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (पुल)	19/12/2022	06/01/2023
31	22307	प्रमुख मुख्य इंजीनियर का सेमिनार	22/12/2022	23/12/2022
32	22427	कंक्रीट प्रौद्योगिकी और पीएससी निर्माण	26/12/2022	30/12/2022

8. स्वागत / विदाई



संस्थान में कार्यरत **श्री अनिल मिसाल,** प्राध्यापक लेखा एवं वित्त की सेवानिवृत्ति दिनांक 31 मार्च, 2022 को हुई। सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है ।



संस्थान में कार्यरत **श्री जर्नादन प्रसाद,** वरिष्ठ अनुदेशक / रेलपथ 8 की स्थानांतरण एवं पदोन्नति सहायक मंडल इंजीनियर / पंढरपुर, सोलापुर डिवीजन में हुई है। उन्हें दिनांक 12 सितंबर, 2022 को भारमुक्त किया गया। संस्थान की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



संस्थान में कार्यरत **श्री विलास काशिनाथ,** वरिष्ठ तकनीशियन की सेवानिवृत्ति दिनांक 30 जून, 2022 को हुई। सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है ।

9. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट अधिकारी

सत्र सं. 22101

प्रथम



उमाशंकर पाढी,
सहा. मंडल इंजी./
बरगढ रोड,
पू.तटीय रेल

द्वितीय



प्रथम मित्रा,
सहा. इंजीनियर
नबाडविप धाम
पूर्व रेल

तृतीय



दिपम नंदन,
सहा. ट्रैक इंजी.
कंचरापारा,
पूर्व रेल

श्री अविनाश कुमार, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक, रेलपथ 2 भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे–। द्वारा केवल सीमित नि:शुल्क वितरण हेतु प्रकाशित ।